आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 17.01.2025

समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां तेज, शासन—प्रशासन स्तर पर खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधांए उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

- सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री कहा — इससे लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा और उपभोग को बढ़ावा मिलेगा।

- देहरादून में यातायात और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये नई ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी नेटवर्क को बढ़ावा देने का काम जल्द शुरू होगा।

- **और,** चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और रूद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अगले तीन दिन बारिश और बर्फबारी की संभावना।

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर सरकार ने सभी व्यवस्थाओं को सटीक और समयबद्ध तरीके से पूरा करने की कवायद तेज कर दी है। सचिव उत्तराखंड शासन, धीराज सिंह गर्ब्याल ने सचिवालय में आयोजित एक बैठक में आयोजन समितियों और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खिलाड़ियों और आयोजन दल के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सचिव ने कहा कि खेलों के दौरान खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके ठहरने की व्यवस्था खेल स्थलों के नजदीकी होटलों में सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, खिलाड़ियों के आवासीय परिसरों में चिकित्सकों की तैनाती और खेल स्थलों पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने परेड ग्राउंड और रायपुर स्टेडियम सहित सभी खेल स्थलों पर तैयारियों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। तैयारियों की समीक्षा के दौरान अवस्थापना सुविधाओं, यातायात प्रबंधन, सौंदर्यीकरण, बिजली आपूर्ति, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और मीडिया समन्वय जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति और जिला प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी बल दिया गया।

**बैठक**

इस बीच, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आर० के० सुधांशु ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिये जिलाधिकारियों और शासन से तैनात किये गये नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दृष्टिगत आयोजन स्थल की सुरक्षा और, तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थलों से संबंधित प्रत्येक जिले में सभी तैयारियां समय से पूरा करने और खेलों के प्रचार—प्रसार के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। बैठक में राष्ट्रीय खेलों के लिये कार्यरत विभिन्न एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी संबंधित जिलों में होटल व खान—पान और परिवहन की व्यवस्था को जल्द पूरा कर नोडल अधिकारियों को प्रस्तुत करेंगे।

## आठवां वेतन आयोग गठन–मंजूरी

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त होने वाला है और 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि आयोग के लिए एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति शीघ्र ही की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 8वें वेतन आयोग के फैसले से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उपभोग को बढावा मिलेगा। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की, जो एक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं।

## स्थानीय निकाय चुनाव

स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी के तहत राज्य में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हरिद्वार में मतदान के लिए एक हजार चालीस कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी ने कहा कि मतदान पार्टियां किसी भी प्रत्याशी या पार्टी का आतिथ्य स्वीकार न करते हुए मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि मतदान टीमें समय से अभिलेख तैयार करें और अभिलेखों में किसी भी प्रकार की त्रुटि या भिन्नता न हो।

## मशाल स्वागत

बारिश और ठंड के बीच 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी और शुभंकर मौली का टिहरी जिले के नरेंद्र नगर पहुंचने पर जबरदस्त स्वागत हुआ। स्थानीय लोगों, स्कूली छात्र–छात्राओं और खेल प्रेमियों ने नारों की गूंज के साथ इस ऐतिहासिक पल को खास बना दिया। शोभन सिंह नेगी सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय खेलों के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियन मनस्वी पटवाल और मशाल वाहक राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी अभिजीत भट्ट ने नेतृत्व किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और गणमान्य नागरिकों ने उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने को गौरवशाली क्षण बताया। 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत टिहरी जिले में जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जो प्रदेश के पर्यटन और खेल संस्कृति को बढ़ावा देंगी। मशाल आज उत्तरकाशी के लिए प्रस्थान करेगी।

## यातायात व्यवस्था

देहरादून की यातायात व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को नया रूप देने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि शहर के 11 प्रमुख स्थानों पर नई ट्रैफिक लाइट लगाने का काम अगले महीने से शुरू होगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसके साथ ही, पुलिस विभाग के सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा। वर्षों से लंबित इस कार्य के लिए जिलाधिकारी ने फंड की व्यवस्था की है और परियोजना को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, पलटन बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में 22 नए सीसीटीवी लगाए गए हैं। सड़क सुरक्षा समिति की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। जिलाधिकारी ने शहर की सड़कों को अधिक सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए सौंदर्यीकरण और सुधार कार्यों को प्राथमिकता दी है। प्रशासन ने त्वरित प्रक्रिया दलों (क्यूआरटी) का भी गठन किया है, जो सड़कों पर निगरानी रखेगी और सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता

इधर, नैनीताल जिले में भी सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों में जागरूकता को बढ़ाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 15 फरवरी तक चलेगा। अभियान के पहले दिन संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन, डॉ गुरदेव सिंह ने भोटिया पड़ाव हल्द्वानी में टैक्सी के चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। डॉक्टर सिंह ने कहा कि जागरूक और अनुशासित चालक बनकर सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने चालकों से तय गति सीमा और क्षमता के अनुसार वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने और दुर्घटना पीड़ितों की सहायता देने का आह्वान किया।

## मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल हुई बर्फबारी, और निचले हिस्सों में बारिश होने से तापमान में कमी आई है। चमोली जिले के बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, औली और उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में बर्फबारी हुई है। वहीं मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और रूद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

## संचार क्रांति के युग

स्वास्थ्य क्षेत्र में स्मार्ट ई हेल्थ और ई लर्निंग प्रोग्राम को बढ़ावा देने के के लिए एम्स ऋषिकेश में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत ने कहा कि आने वाला समय ई–हेल्थ तकनीक का है और और भविष्य में सूचना प्रोद्योगिकी के उपयोग से चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं अग्रणी भूमिका निभाएगी। श्री भगत ने कहा कि एम्स ऋषिकेश डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तर पर काम कर रहा है। अस्पताल की ओर से संचालित टेली मेडिसिन सेवा, तकनीक आधारित ड्रोन मेडिकल सेवा, टेली एजुकेशन और टेली परामर्श सहित कई अन्य क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक का उपयोग इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के युग में स्वास्थ्य क्षेत्र की यह तकनीक रोगियों को घर बैठे स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध करवा रही है।

## सडक सौंदर्यीकरण

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय ने ''मेरा गांव मेरी सड़क'' योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण केवल यातायात के लिए नहीं, बल्कि गांवों के सौंदर्यीकरण के लिए भी किया जा रहा है। इसीलिए, सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में इंटरलॉकिंग टाइल्स का उपयोग अनिवार्य किया गया है ताकि सड़कें अधिक मजबूत और टिकाऊ बन सकें। उन्होंने कहा कि ''मेरा गांव मेरी सड़क'' योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कर ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।

## समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

आठवें वेतन आयोग को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– एक करोड़ से ज्यादा सेवारत व सेवानिवृत कर्मचारियों को मिलेगा लाभ। दैनिक जागरण की ख़बर है– दिल्ली में भी चार लाख केंद्रीय कर्मी इस फैसले से होंगे लाभांवित, 2026 तक प्रभावी रहेंगी सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें।

दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में जोड़ने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक इसरों ने पूरा किया है। इस ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– स्पेडेक्स  मिशन में इसरो ने दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक जोड़ा। इससे पहले अमेरिका रूस और चीन के ही नाम थी यह कामयाबी।

बारिश और बर्फबारी की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र बर्फबारी की तस्वीरों के साथ लिखता है– मौसम ने फिर बदली करवट, प्रदेश में बारिश व बर्फबारी। चारधाम समेत अन्य ऊंचाई वाले इलाकों ने ओढ़ी बर्फ की चादर।

आढ़त बाजार में सड़क चौड़ीकरण के साथ ड्रेनेज सिस्टम भी बनेगा। इस ख़बर को प्रमुखता देते हुए हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– देहरादून के दर्शनलाल चौक से लेकर सहारनपुर चौक तक ड्रेनेज का काम होगा।

राजधानी के बड़े बाज़ारों को भी तीसरी आंख की दरकार। इस सुर्खी के साथ दैनिक जागरण समाचार पत्र के अनुसार– आईएसबीटी, प्रेमनगर, सेलाकुई और नेहरू कॉलोनी में भीड़भाड़ अधिक होने के बावजूद अभी तक सीसीटीवी नहीं लगाए गए हैं।